'रन इंडिया-फिट इंडिया' का संदेश लेकर 400 रनर्स दौड़े

5 किमी की रन में अपर्णा और सुरेंद्र रहे विनर

सिटी रिपोर्टर | जयपुराइट्स को हेल्दी और फिट रहने का संदेश देने के लिए रविवार की सुबह 5के रन का आयोजन किया गया। कल्ट फिट और इम्पीरियल क्लब के सहयोग से आयोजित रन में 400 से भी ज्यादा रनर्स ने जेएलएन मार्ग पर दौड़कर 'रन इंडिया-फिट इंडिया' का संदेश दिया। रनर्स ने सुबह 6:30 बजे जीटी सेंट्रल से दौड़ना शुरू किया। इसका समापन भी इसी जगह हुआ। रन में अधिकतर युवाओं ने हिस्सा लिया। इसमें क्लब मेंबर्स भी शामिल रहे। इस पांच किलोमीटर की रन के विनर जयपुर के अपर्णा चौधरी और सुरेंद्र चौधरी रहे। दौड़ के समापन पर क्लब की ओर से आयोजित की गई फुट मसाज और स्पा को भी रनर्स ने एंजॉय किया। सभी रनर्स को टी-शर्ट और फिनिशिंग मेडल दिए गए।